# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025



# 350वां शहीदी दिवस



## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी
## भाई मती दास जी,
## भाई सती दास जी,
## भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)



1. श्रीनगर
2. जम्मू
3. पठानकोट
4. दसूहा
5. होशियारपुर
6. माहिलपुर
7. गढ़शंकर
8. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
- दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरदासपुर
2. बटाला
3. बाबा बकाला साहिब
4. श्री अमृतसर साहिब
5. तरन तारन
6. गोइंदवाल साहिब
7. कपूरथला
8. करतारपुर
9. जालंधर
10. फ़गवाड़ा
11. बंगा
12. नवांशहर
13. बलाचौर
14. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. फ़रीदकोट
2. फ़िरोज़पुर
3. मोगा
4. जगराओं
5. लुधियाना
6. खन्ना
7. सरहिंद
8. फ़तेहगढ़ साहिब
9. मोरिंडा
10. चमकौर साहिब
11. रूपनगर
12. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2. बठिंडा
3. बरनाला
4. संगरूर
5. पटियाला
6. राजपुरा
7. बनूड़
8. साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9. कुराली
10. रूपनगर
11. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025
- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025
- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025
- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

6 धान खरीदी के साथ धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर प्रशासन की सख्ती



## खबर संक्षेप

### विभिन्न कार्यों के लिए 2.77 करोड़ स्वीकृत

**कोरबा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम में विभिन्न कार्यों के लिए 2 करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक-31 में आरसीसी नाली निर्माण के लिए 97 लाख 8 हजार रुपए तथा सड़क डामरीकरण के लिए 94 लाख 49 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-31 में काली मंदिर से आरपी नगर शिवाजी नगर मोड़ तक सीसी रोड के लिए 49 लाख 64 हजार रुपए एवं आरपी नगर में स्ट्रीट लाइटिंग के लिए 35 लाख 95 हजार रुपए की भी स्वीकृति विभाग द्वारा प्रदान की गई है।

### अवधूत आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को

कोरबा। बालको के टाउनशिप क्षेत्र में श्रीसर्वेश्वरी समूह की ओर से संचालित अवधूत भगवान राम सेवाश्रम की ओर से सेक्टर-4, फॉरेस्ट बैरियर के पास 29 नवंबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित शिविर में जुकाम, खांसी, चर्मरोग, रक्तचाप, मधुमेह, पेट संबंधी बीमारियों, गठिया वात, बवासीर आदि का निःशुल्क इलाज किया जाएगा।

# मानस के राज ने जिले का बढ़ाया मान, सीजीपीएससी में मिला 22वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के मानस नगर बस्ती में निवास करने वाले राज पटेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा परीक्षा में 22वां स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। हिन्दी माध्यम के छात्र रहे राज पटेल यूपीएससी की परीक्षा में भी चयनित हो चुके हैं। उसमें इनका चयन जिला यूथ अधिकारी के पद पर हुआ था।

राज पटेल की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में हुई। स्नातक की परीक्षा उन्होंने शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पूरी करने के बाद इन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरु कर दी। जब वह पीजी कालेज में बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र थे। तब अद्वैत फाउंडेशन के कालेज में शिक्षकों से छात्रों की जानकारी ली शिक्षकों ने मेरा नाम बताया और उसके बाद अद्वैत फाउंडेशन ने मुझे सहयोग देना शुरु कर दिया। वहां के शिक्षक आशीष सिंह ने उन्हें यूपीएससी की परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए किस विषय पर इस तरह की पढ़ाई करनी है इसका तकनीकी मार्गदर्शन दिया। अपने चयन पर राज पटेल कहते हैं कि सीजीपीएससी के लिए वह लाइवलीहुड कालेज में भी उन्होंने पीएससी की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त की है और वहां से फिर वह अद्वैत फाउंडेशन के सहयोग से दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी करते रहे। सीजीपीएससी में यह उनका दूसरा प्रयास था जिसमें उन्हें 22वां रैंक मिला है। बीते 3 सालों से वह दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। राज पटेल ने बताया कि यूपीएससी और सीजीपीएससी के प्रश्न पत्रों में अंतर होता है। दोनों परीक्षाओं को समझने के लिए अद्वैत फाउंडेशन ने उनकी सहायता की। वर्ष 2023-24 में यूपीएससी की परीक्षा में उनका चयन जिला यूथ अधिकारी के पद पर हुआ था। उन्होंने बताया कि यूपीएससी के लिए उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित किया है उनका लक्ष्य आईएएस है। यूपीएससी की परीक्षा के साथ उन्हें सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी में मदद मिली। अपने मार्गदर्शक शिक्षक आशीष सिंह का योगदान बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने राज पटेल को परीक्षा की तैयारी में पूरा सहयोग किया है। उनका पूरा योगदान रहा वहीं राज पटेल की मां ने भी परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रोत्साहित करती रही। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को संदेश देते हुए राज पटेल कहते हैं कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के पहले यह तय करना चाहिए कि किस क्षेत्र में रुचि है और उसके बाद फिर उस क्षेत्र में जाने के लिए तैयारी करना चाहिए। कोई भी परीक्षा बिना लक्ष्य के पूरी करना कठिन है।

### हिन्दी माध्यम से पढ़े हैं छात्र राज पटेल

**खास बातें**

- दूसरे प्रयास में मिली है सफलता, यूपीएससी में भी हुए थे चयनित



## स्कूल से आंगनबाड़ी तक सुरक्षा के प्रबंध नहीं, शिक्षकों को बनाया गया नोडल अधिकारी

# अब शिक्षकों को मिली बच्चों को आवारा कुत्तों से बचाने की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आवारा कुत्तों का खतरा बच्चों के लिए हमेशा बना रहता है। चाहे घर के समीप की बात हो या स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों की। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में ऐसे स्कूल भी सामने आये हैं जहां उनकी बाउंड्रीवाल टूट गई है तो कहीं बाउंड्रीवाल ही नहीं है। ऐसे स्कूलों के बच्चों को कुत्तों का खतरा बना हुआ है और अब राज्य सरकार ने स्कूल के शिक्षकों को ही आवारा कुत्तों की जानकारी देने के लिए नोडल बना दिया है।

आवारा कुत्तों का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचने के बाद नगर निगम और पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा उनके नसबंदी का काम शुरु तो किया गया है किंतु इन आवारा कुत्तों के खतरों से आंगनबाड़ी और स्कूल के बच्चों को बचाना चुनौती भरा काम है। निजी स्कूलों की बात करें तो वहां बाउंड्रीवाल सहित सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में स्थितियां दूसरी नजर आती है। यहां कुछ स्कूल ऐसे हैं जिनकी बांउड्रीवाल कई स्थानों से टूट चुकी है तो कुछ स्कूल ऐसे हैं जो सड़क के किनारे है लेकिन बाउंड्रीवाल नहीं है। ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आवारा कुत्तों से बचाना शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती है। जब सुरक्षा का ही प्रबंध नहीं तो बच्चे कैसे बच सकेंगे आवारा कुत्तों के खतरों से। अब राज्य सरकार ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर स्कूल के शिक्षकों को ही नोडल बनाते हुए स्कूल के आसपास मंडराने वाले आवारा कुत्तों की सूचना देने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में जहां आसपास के स्लम बस्ती के बच्चे अध्ययनतर है, उन स्कूलों में सुविधाओं की दरकार पहले से बनी हुई है बाउंड्रीवाल की तो बात ही छोड़िए।

### शिक्षकों को जारी किया गया है निर्देश

आवारा कुत्तों के स्कूल के आसपास मंडराने के मामले में सूचना देने के लिए शासन से निर्देश मिले हैं। उसका पालन करते हुए स्कूल के शिक्षकों को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। निगम को इसकी जानकारी स्कूल के शिक्षकों को देना होगा।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### ऐसे स्कूलों में खतरा

शहर के मध्य में चलने वाले अंधरीकछार स्कूल जहां प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला लगती है, जहां की बाउंड्रीवाल एक जगह से टूटी हुई है जिसकी मरम्मत आज तक नहीं हुई है। इसी तरह स्कूल का मेन गेट हमेशा खुला रहता था। जहां कुत्ते घूमते नजर आते हैं। इसी तरह का बालको उपनगरीय क्षेत्र में परसाभांठा और पुराना रिस्दा स्कूल की बाउंड्रीवाल कई स्थानों से टूटी हुई है। नए सिरे से इन स्कूलों का बाउंड्रीवाल नहीं किया गया है। इन स्कूलों में आसपास के बस्ती के बच्चे पढ़ने आते हैं। ये शहर और उप नगरीय स्कूलों की स्थिति है। इन स्कूलों में पुरानी बस्ती का स्कूल भी शामिल है जहां बाउंड्रीवाल है किंतु गेट खुला रहता है। करतला विकासखंड के कुदमुरा क्षेत्र में पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला एक ही परिसर में संचालित है। यहां बाउंड्रीवाल में न गेट लगा है और न ही टूटी दीवार की मरम्मत हुई है।

### धीमी प्रगति पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में वर्तमान में जिले के सभी विधानसभा अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने एवं बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल प्रविष्टि करने का कार्य प्रगति पर है। एसडीएम सरोज महिलांगे ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा में बीएलओ की कार्य की धीमी गति और उदासीनता को देखते हुए, अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बीएलओ को नोटिस जारी किया है। जिसमें मतदान केन्द्र एमपीनगर, लालू राम कॉलोनी, शारदा विहार, पाढ़ीमार, रिसदा, पाढ़ीमार, पाढ़ीमार, खम्हरिया, खम्हरिया, रानीरोड, ईतवारी बाजार, पुरानी बस्ती, तुलसी मार्ग, पुरानी बस्ती, राजीव नगर (जेलगांव) शामिल हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला चिताघुटरी के बच्चों ने वनभोज का लिया आनंद

**कटघोरा।** संकुल केंद्र रजकम्मा अंतर्गत प्राथमिक शाला चिताघुटरी में वनभोज का आयोजन किया गया।प्रधानपाठक कांति कुर्रे ने बताया कि बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए प्रकृति से लगाव आवश्यक है। संस्था की शिक्षिका अर्चना ने कहा कि छोटे छोटे हाथों से बड़े सपने भी साकार होते हैं, बच्चों को मिलजुलकर करने की सीख देना ही हमारा उद्देश्य है। एक्टिविटी अंतर्गत रजकम्मा हाई स्कूल के व्याख्याता विनोद जायसवाल ने बच्चों को फूल, पत्ती, कीड़े मकोड़े, वृक्षों के नाम और गुण से परिचित कराया। अगले सत्र में पुष्पक साहू ने मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कहानी के माध्यम से सबका उत्साहवर्धन किया। सीएसी जीवन सिंह मरकाम ने खेलकूद के माध्यम से बच्चों के मध्य प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास किया। भोजन बनाने की जिम्मेदारी अर्चना किंडो और कुमुदिनी राम को दिया गया था। भोजन उपरांत बच्चों के द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। चाय और बिस्किट से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में कुमुदिनी राम, कल्पना कुजूर, अनिल जगत, रजिशनी, छतकुंवर, पालक सहित स्टाफ के सदस्य, रसोइया, सफाईकर्मी उपस्थित थे।

### शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा पर कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दैहानभांठा गोढी में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीनू पटेल जिला खेल अधिकारी, केआर टंडन क्रीड़ा अधिकारी, झसेंद गवेल सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, राम कृपाल साहू, सहायक खेल अधिकारी एवं पार्षद श्री चंदेल उपस्थित रहे। बौद्धिक चर्चा का विषय था खेलों का जीवन में महत्व एवं विद्यार्थियों के लिए अनुशासन। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पाठक, श्रीमती रेणुका लदेर, विनय साहू, एवं शिविर प्राप्त कर रही छात्राएं उपस्थित थीं। शिविर संस्था के प्राचार्य रणधीर सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालन हो रहा है।

### ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में भविष्य व वंश ने जीता गोल्ड



**कोरबा।** रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में जिले के ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी व लेवल अप एकेडमी के कुल 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें शहर के भविष्य राज व वंश राठौर ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं कुनाल गोस्वामी, अमन टोप्पो ने सिल्वर मेडल और फरहान रजा, अर्घ्य सिंह, खुशाल राठौर, फ्रांसिस कुजूर ने ब्रांज मेडल हासिल किया। जूनियर व सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की भिड़त अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ियों के साथ हुई। मेडल जीतकर खिलाड़ी शुक्रवार को एकेडमी के कोच अजीत शर्मा, सहायक कोच अनुज अग्रवाल के साथ लौटे।

### छात्रों को सायबर संबंधी ऑनलाइन ऑफ़लाइन सुरक्षा की जानकारी



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में साइबर सिक्योरिटी सेल द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को साइबर सिक्योरिटी के महत्व और ऑनलाइन सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। साइबर सिक्योरिटी सेल के सदस्यों द्वारा छात्रों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर सिक्योरिटी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जैसे अपने पासवर्ड को सुरक्षित रखें और किसी के साथ साझा न करें। ऑनलाइन खरीदारी करते समय केवल विश्वसनीय वेबसाइटों का उपयोग करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और अजनबियों से दोस्ती न करें। ऑनलाइन गेम खेलते समय सावधानी बरतें और बिना अनुमति कोई ऑनलाइन खरीदारी न करें। मोबाइल खो जाने पर सीईआईआर ऐप का इस्तेमाल करें। विश्वसनीय वेबसाइट जो एचटीटीपीएस हो इसका उपयोग करें न कि एचटीटीपी का। कुछ अनहोनी होने पर 1930 पर कॉल करें। इसके अतिरिक सत्र में ऑफ़लाइन अपराधों पर भी विशेष रूप से ध्यानाकर्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय परिसर में छात्र अक्सर गाली-गलौज वाले शब्द बोलते और लिखते हैं, एक-दूसरे को परेशान करते हैं या धमकाते हैं, जो कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आ सकता है। यदि ऐसी शिकायतें सेल में दर्ज होती हैं, तो इसके भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए छात्रों को अपने व्यवहार और भाषा दोनों में सुधार लाने की सलाह दी गई।

### निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के साथ मस्टररोल को किया जप्त

# तालाब निर्माण में मजदूरी भुगतान की गड़बड़ी की शुरु हुई जांच



वह तालाब जिसके पार में बनाया गया मेढ़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा के तहत कोरबा जनपद के ग्राम पंचायत कठबितला में तालाब निर्माण के दौरान फर्जी नाम से मजदूरी भुगतान के मामले की जांच जनपद पंचायत करतला के द्वारा शुरु कर दी गई है इसके लिए निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के साथ मस्टर रोल को भी जप्त किया गया है। इस पूरे मामले में सरपंच पर आरोप लगाए गए हैं।

वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत कठबितला में कृषि तालाब वृहस्पति राम के नाम पर स्वीकृत हुआ था। इस काम में जो फर्जीवाड़ा हुआ उसके अनुसार गांव की पुरानी डबरी में सिर्फ मेढ़ बनाकर मजदूरी का भुगतान कर दिया गया जिसमें 84 हजार 355 रुपए का फर्जी मजदूरी भुगतान हुआ है। जिसमें सरपंच के ऊपर आरोप लगा है। बताया जाता है कि मजदूरी भुगतान के लिए अपने रिश्तेदारों को ही मजदूर बना दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा से तालाब निर्माण स्वीकृत हुआ था किंतु पंचायत के द्वारा पुराने डबरी के ऊपर जिसमें पहले से ही मेढ़ चढ़ी हुई थी उसमें ही मिट्टी चढ़ाकर मेढ़ का निर्माण कर मजदूरी का भुगतान कर लिया गया था। हरिभूमि ने 11 नवंबर के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसके बाद जिला पंचायत के मनरेगा प्रकोष्ठ के द्वारा इस प्रकरण की जांच शुरु कर दी गई है। ज्ञात हो कि करतला और कोरबा जनपद अंतर्गत मनरेगा से कई कार्य स्वीकृत हुए हैं जिसमें मजदूरी भुगतान को लेकर शिकायतें ज्यादा मिली हैं।

#### नगद मजदूरी भुगतान बंद

मनरेगा में अब किसी भी कार्य के लिए नगद मजदूरी का भुगतान बंद कर दिया गया है। जॉब कार्डधारियों के बैंक खाते में ही सीधे मजदूरी राशि भेजी जा रही है। जिला पंचायत के मनरेगा प्रकोष्ठ के एपीओ संदीप डिक्सेना के मुताबिक मजदूरी का भुगतान अब बैंक खाते में हो रहा है। कठबितला ग्राम पंचायत मामले की जांच कराई जा रही है। सभी दस्तावेजों का परीक्षण कर सत्यापन भी कराया जाएगा।

## नायब तहसीलदार ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण




निरीक्षण के दौरान निर्देश देते नायब तहसीलदार एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नायब तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा सुमन दास मानिकपुरी ने सिरमिना, कोरबी क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया और बैठक लेकर बूथ लेबल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। नायब तहसीलदार ने कार्य की बारीकी से सत्यापन की प्रक्रिया, नए नाम जोड़ने के आवेदनों की स्थिति और सूची से डुप्लीकेट या अपात्र नामों को हटाने के लिए अपनाए जा रहे मानकों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में शत-प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अपने अधिकार से वंचित न रह जाए, वहीं अपात्र लोगों का नाम सूची में न रहे। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें और पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से भी बातचीत की और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के समाधान और डिजिटाइजेशन के संबंध में बूथ लेवल अधिकारी को निर्देशित किया।

## मलगांव में जमीन अधिग्रहण के दौरान अनियमितताओं की शिकायत तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका



एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम मलगांव में जमीन अधिग्रहण के दौरान हुए अनियमितताओं पर कार्यवही तेज कर दी गई है। पिछले कुछ दिनों में सीबीआई की एक टीम दीपका क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेजों की छानबीन कर रही है। जांच का केंद्र बिंदु ग्राम मालगांव का अधिग्रहण है जिस पर अनियमितताओं की गंभीर शिकायतें दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही ग्राम हरदीबाजार, जिसे भविष्य में अधिग्रहित किए जाने की प्रक्रिया जारी है, वह भी अब जांच एजेंसी की निगरानी में है।

सूत्रों की मानें तो सीबीआई अधिकारियों ने बीते दिनों भूमि रिकार्ड, मुआवजा फाइलें, वित्तीय अनुमोदन, नापजोख से जुड़े मूल दस्तावेज और अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े प्रेजेंटेशन सहित कई महत्वपूर्ण कागजातों की विस्तृत जांच की है। हालांकि एसईसीएल ने इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन अंदर खाने अधिकारियों में स्पष्ट रूप से घबराहट का माहौल देखा जा रहा है। मालगांव के ग्रामीणों का कहना है कि अधिग्रहण के दौरान मुआवजा, प्रक्रिया और पारदर्शिता से जुड़े कई सवाल लंबे समय से उठते रहे हैं। अब सीबीआई की मौजूदगी ने गांवों में उम्मीद जगा दी है कि सालों से लंबित सवालों का जवाब अंततः सामने आ सकता है। हरदीबाजार के निवासी भी सतर्क हैं क्योंकि यदि मालगांव अधिग्रहण में अनियमितताओं की पुष्टि होती है, तो इसका सीधा असर भविष्य की अधिग्रहण प्रक्रियाओं पर पड़ सकता है। सूत्रों का दावा है कि सीबीआई की यह पड़ताल लगातार जारी है। जांच का दायरा बढ़ने की पूरी संभावना है और टीम जल्द ही फिर से दीपका क्षेत्र का दौरा कर सकती है। खनन क्षेत्र में ऐसी उच्चस्तरीय एजेंसी की सक्रियता ने यह साफ कर दिया है कि मामला सतही नहीं, गंभीर और संवेदनशील है।

## जर्जर सड़क को लेकर धरना- प्रदर्शन के बाद भी निगम व प्रशासन नहीं दे रहा ध्यानः विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर युवा कांग्रेस द्वारा इस माह पांच अलग-अलग स्थानों पर सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर उग्र प्रदर्शन किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक निगम प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे स्थानीय लोंगो में आक्रोश व्याप्त है। सड़कों की हालत बद से बद्तर होती जा रही है। इसके बाद भी नये सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत को लेकर कोताही बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र में निवासरत लोगों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते अगर जर्जर सड़कों से निजात नहीं दिलाई गई तो आने वाले दिनों में सड़क को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### खास बात

- कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास सिंह के नेतृत्व में बालको में किया गया धरना प्रदर्शन



प्रदर्शन करते पीसीसी सचिव विकास सिंह एवं अन्य।

उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास सिंह ने भदरापारा चौक बालको में जर्जर सड़क को लेकर जिला युवा कांग्रेस कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान कही। शुक्रवार को जिला युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह के नेतृत्व में भदरापारा चौक पर निगम क्षेत्र के खराब एवं गड्ढे युक्त सड़कों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि क्षेत्र के खराब सड़कों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए यह आंदोलन युवा कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा है। इससे पहले गौ माता चौक, बलगीखार, रिस्दी चौक एवं दादरखुर्द में उग्र प्रदर्शन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द इस समस्या के समाधान के लिए सार्थक ठोस कदम नहीं उठाया गया तब व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि नगर निगम का वार्षिक बजट 900 करोड़ और डीएमएफ के 600 करोड़ सहित अन्य अनेंको मद मिलाकर 1600 करोड़ से अधिक के बजट के बावजुद निगम क्षेत्र की सड़कें बदहाल है। श्री साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में भाजपा की ट्रीपल इंजन की सरकार चल रही है, इसके बावजूद यहां की सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। जिस पर राहगीरों को चलने में परेशानी हो रही है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि युवा कांग्रेस ने कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में गौ माता चौक पर धरना प्रदर्शन कर शहर के खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने मांग किया था, लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया इसलिए अब ब्लॉक स्तर पर फिर मंडल स्तर और अंत में वार्ड स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि सड़कों की दुरूस्तीकरण कराए जाने तक हमारा यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। इसके बाद बिजली, पानी, साफ सफाई, चिकित्सा व शिक्षा जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन व प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उपकरणों के रखरखाव पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल मुख्यालय में गुरूवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल उपकरणों तथा एचईएमएम के सेफ इंस्टालेशन एवं रख-रखाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन एवं विशिष्ट अतिथिगण निदेशक (तकनीकी) संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्र, खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिम क्षेत्र, नागपुर से डीएमएस(इलेक्ट्रिकल) टी श्रीनिवास, डीएमएस (मैकेनिकल) पीके जैन, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) गौरव लाढा तथा सेफ्टी कमेटी के सम्मानित सदस्य बी धर्माराव (एटक), आईडी चौहान (सीटू) एवं जीएस प्रसाद (सीएमओएआई) द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि हरीश दुहन, सीएमडी एसईसीएल ने कहा कि कंपनी तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से सुरक्षा और दक्षता दोनों को निरंतर सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल का प्रयास है कि जहां संभव हो, मैनुअल प्रक्रियाओं को मैकेनाइज्ड सिस्टम से प्रतिस्थापित किया जाए। उन्होंने उपकरणों को अप-टू-डेट रखने, आवश्यकतानुसार रिप्लेसमेंट करने और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि कार्यस्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च स्तर पर सुनिश्चित हो सके। निदेशक (तकनीकी) संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने कार्यशाला के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसी पहलें खदानों और वर्कशॉप्स में सुरक्षा स्तर को व्यावहारिक रूप से मजबूत बनाती है। निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्र ने कहा कि एसईसीएल का लक्ष्य ज़ीरो हार्म है और सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक कार्यस्थल, प्रत्येक उपकरण और प्रत्येक कामगार सुरक्षित रहे। उन्होंने टेक-5 नियम को सुरक्षा का मूल आधार बताते हुए इसके पालन पर बल दिया। लगभग 300 प्रतिभागियों एसईसीएल मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों के विद्युत एवं यान्त्रिकी तथा उत्खनन विभाग के स्टाफ अधिकारियों, इंजीनियर, सुपरवाइजर्स, फोरमैन, कामगार निरीक्षक एवं तकनीकी कर्मचारियों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## बांकीमोंगरा में स्काई लिफ्ट वाहन का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्रवासियों को अब बिजली और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं से शीघ्र ही राहत मिलेगी। गुरुवार को पालिका परिषद बांकीमोंगरा में स्काई लिफ्ट मशीन वाहन का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से ऊंचे स्थानों पर बिजली के खंभों, स्ट्रीट लाइट्स और अन्य रखरखाव कार्यों को आसानी और सुरक्षा के साथ किया जाएगा। हालांकि नवनिर्मित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा गठन के पश्चात से पालिका में स्काई लिफ्ट मशीन वाहन उपलब्ध नहीं होने से अध्यक्ष सहित पालिका के अधिकारियों को लाइट से संबंधित कार्यों पर कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, पालिका के अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा द्वारा आसपास के पालिका, नगर निगम व एसईसीएल से स्काई लिफ्ट मशीन मांगकर कई स्थानों में लाइट से संबंधित समस्या को दुर कराने का प्रयास किया, लेकिन अब ओ समस्या उत्पन्न नहीं होगी क्योंकि अब कोरबा जिला कलेक्टर द्वारा डीएमएफ मद से स्काई लिफ्ट मशीन उपलब्ध हो चुकी है और अब लाइट से संबंधित समस्या को जल्द से जल्द दुर किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, पालिका के सीएमओ श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, गोवर्धन सिंह कंवर, पार्षद राकेश अग्रवाल, श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, रम्भा हेम सिंह कंवर, लोकनाथ सिंह कंवर, लक्ष्मण सिंह सहित पालिका के अधिकारी- कर्मचारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

### भौतिक शिक्षा से प्राप्त होती है भौतिकता

# नैतिक शिक्षा से युवाओं को मिलेगी नई दिशा और दशा : भगवान भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भौतिक शिक्षा से हम रोजगार प्राप्त कर सकते हैं लेकिन परिवार, समाज, कार्यस्थल में परेशानी या चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते है। युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करके डॉक्टर, इंजीनियर बनकर धनोपार्जन कर सुख-सुविधा युक्त जीवन निर्वाह करना चाहते हैं परंतु जब उनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता तो उनका मन असंतुष्ट हो उठता है और मानसिक संतुलन गड़बड़ा जाता है।



उक्त बातें माउंट आबू से ब्रह्माकुमारी के पधारे हुए बी के भगवान भाई ने कहे। वे शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सकारात्मक चिन्तन और नैतिक शिक्षा से सशक्त युवा विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता की प्राप्ति होती है और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनता है। वर्तमान के समय प्रमाण भौतिक शिक्षा के साथ साथ बच्चो को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। भगवान भाई ने कहा कि शिक्षा से प्राप्त उपलब्धियां उन्हें निर्थक प्रतीत होती हैं। जब तक जीवन में परोपकार, सेवाभाव, त्याग, उदारता, पवित्रता, सहनशीलता, नम्रता, धैर्यता, सत्यता, ईमानदारी, आदि सद्गुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी हैं। शिक्षा एक बीज है जीवन एक वृक्ष है जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष में गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। समाज अमूर्त होता हैं और प्रेम, सद्भावना, भातृत्व, नैतिकता एवं मानवीय सद्गुणों से सचालित होता हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से युवाओं को मिलेगी नई दिशा और दशा मिल सकती है। भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वागिंण विकास होगा। नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते है जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से ही छात्र-छात्राओं में सशक्तिकरण आ सकता है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की बीके कुसुम बहन ने कहा कि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रता के बल पर ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। कार्यक्रम में डॉ. डी.डी. टंडन, गंगाराम पटेल, नूतन पालकुरे, नम्रता पटेल, दुर्गा देवांगन और सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित था।

*__कोरबा।__ किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए किसान पंजीयन एवं फसल-रकबा सुधार की अंतिम तिथि 25 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है वे पंजीयन कर सकते हैं।

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बहला-फुसला कर नाबालिग युवती को भगाने व शारीरिक शोषण करने के मामले में बेलगहना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले के अनुसार परिजनों ने बेलगहना चौकी में बहना फुसला कर नाबालिग युवती को घर से भगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में अपहरण की धारा दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान एसएसपी ने पीड़िता एवं आरोपी की पतासाजी हेतु सख्त निर्देश दिया। लगातार पुलिस टीम द्वारा पीड़िता की पतासाजी की जाती रही, बेलगहना पुलिस द्वारा दिनांक 19 नवंबर को को अपहता को ग्राम महरपुर लोरमी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने महरपुर निवासी आरोपी युवक अजय ढीमर उर्फ़ भगवान सिंग पिता गेंदराम ढीमर उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धारा 87,64(1) बीएनएस व पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहर डालकर 40 क्विंटल मछली मारा

**बिलासपुर।** मल्हार चौकी के अंतर्गत बेटरी गांव के तालाब में 40 क्विंटल मछली मरने की शिकायत मछवारा समाज के अध्यक्ष ने की है। पुलिस में मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घटना 18 नवंबर की है। जहां मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी के अंतर्गत बेटरी गांव के तालाब को मछवारा समिति द्वारा 10 साल के लीज पर लिया गया है। 18 नवंबर की सुबह तालाब में मछलियां मृत पाई गईं। इसके बाद समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद वर्मा ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के द्वारा तालाब में जहर डालकर मछलियों को मारा गया है। पुलिस ने जांच कर अपराध दर्ज किया है, अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चोरों का आतंक, तीन घरों के बिजली तार पार

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र में चोरों का आतंक मच रहा है। चोरों ने विजयापुरम कालोनी के कई घरों के एसी के केबल, ट्रांसफार्मर के केबलों को चोरी कर लिया है। चोरी से परेशान कालोनी रहवासी सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विजयापुरम कालोनी निवासी मोहम्मद खालिद हनीफी पिता स्व मोहम्मद ईस्माईल हनीफी एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी है। 16 नवंबर को खाना खाकर सो गए। सुबह उठने पर उन्हें पता चला कि घर में लगे 2 एसी के नट बोल्ट खुले हैं और कॉपर तार चोरी कर लिया गया है। इस दौरान पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर सुबह 4 बजे चोरी कर जा रहा है। इस तरह 19 नवंबर को दोबारा कालोनी में एसी कॉपर तार की चोरी की गई और पड़ोसी के कैमरे के केबल व ट्रांसफार्मर के तार को भी काट कर चोरों ने चोरी कर लिया है। चोरों के आंतक से परेशान होकर रहवासियों ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है।

### बिरगहनी में स्कूली छात्राओं को किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण

**चांपा।** विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत ग्राम बिरगहनी (च) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगहनी के कक्षा नवमी के पात्र 25 छात्राओं साइकिल वितरित किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम ग्राम पंचायत बिरगहनी च के सरपंच शकुंतला सतनामी के मुख्य आतिथ्य व इतवारी पटेल पूर्व जनपद सदस्य , जितेन्द्र पाटले व जीवन पाटले के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी पात्र छात्राओं अर्चना,भैरवी , चांदनी , दामिनी , दीप्ति , दिशा , गीता , गुंजन , कामिनी , खुशबू , मुकेश्वरी, प्राची , पूर्णिमा , राजेश्वरी , साक्षी, श्रद्धा ,संजू , सेजल , याचना , वंदिता ,उषा, तान्या ,सुमन, को मुख्य अतिथि के हाथों साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन यादव, शाला के प्राचार्य उजाला सिंह राठिया, विश्वनाथ सिंह परिहार, सूर्य नारायण पाण्डेय, अश्विनी साहू, प्रशांत राठौर , राजकुमार यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

---

**अब 45 मीटर पैच को पूरा उखड़कर नए सिरे से होगी लाइनिंग**

**खारंग जलाशय की दायीं तटनहर में 15 साल पहले की गई थी लाइनिंग**

# पंद्रह साल से बगैर मरम्मत चौबीसों घंटे पानी की सप्लाई, कैसे टिकेगी नहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंद्रह साल पहले मनरेगा के पैसे से की गई खारंग जलाशय की दायीं तटनहर की लाइनिंग अब जवाब देने लगी है। इस नहर से चौबीसों घंटे लगातार पानी की सप्लाई की जाती रही है, लेकिन मरम्मत के नाम पर एक धेला भी खर्च नहीं किया गया। आखिरकार नहर में हो चुके बड़े-बड़े होल से पानी का बड़ा अपव्यय नजर आने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा 45 मीटर लंबे पैच में नए सिरे से लाइनिंग करने का निर्णय लिया गया है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दाहिनी तट नहर का कुछ हिस्सा फिलहाल क्षतिग्रस्त है। ऐसे में 45 मीटर पुरानी लाइनिंग को पूरा उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है। इस नहर पर लाइनिंग का काम पंद्रह साल पहले मनरेगा की राशि से किया गया था, लेकिन उसके बाद बीच में कभी भी मेंटेनेंस या सुधाार कार्य नहीं किया गया। विभाग द्वारा नहर में लगातार पानी के बहाव के कारण ऐसा नहीं किए जाने की बात कही गई है।

नहर लाइनिंग के बीच चूहे व अन्य जीव-जंतुओं के द्वारा होल कर देने के कारण पानी का काफी अपव्यय हो रहा था, जिसके सुधार के लिए सिंचाई विभाग को अमृत मिशन के अंतर्गत शहर के लिए दी जाने वाली सप्लाई रोकनी पड़ी है। फिलहाल खारंग जलाशय से शहर को 21 नवंबर से आगामी पंद्रह दिनों तक पानी नहीं मिल सकेगा।

### पूरे 28 किमी में नए सिरे से लाइनिंग की जरूरत

खारंग जलाशय की दाहिनी तटनहर 28 किलोमीटर लंबी है। यह खारंग से निकलकर जांजी व मोपका तक आती है। इस नहर की लाइनिंग सालों पहले की गई थी। बड़ा नुकसान होने के कारण विभाग भले ही अभी केवल 45 मीटर लंबाई में नए सिरे से लाइनिंग का काम कर रहा है, लेकिन जरूरत पूरे 28 किलोमीटर में ही नई लाईनिंग की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार विभाग की भी आने वाले समय में दाहिनी तट नहर की शुरू से अंत तक नए सिरे से पूरी लाइनिंग करने तैयारी है। इसके लिए उच्च स्तर पर चर्चा भी की जा रही है। खारंग की बायीं तटनहर भी अनेक स्थानों पर जर्जर हो चुकी है, लेकिन इसकी लंबाई 85 से सौ किलोमीटर होने के कारण फिलहाल इसकी नए सिरे से लाइनिंग संभव नहीं है।

### नए सिरे से की जा रही लाइनिंग

खारंग की दायीं तटनहर में करीब पंद्रह साल पहले लाइनिंग का काम किया गया था। चूंकि नहर में लगातार पानी चलता रहता है एवं चूहे या अन्य जीव-जुतंओं के द्वारा होल कर दिए जाने के कारण नहर का कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है। फिलहाल 45 मीटर लंबाई में पूरी क्रांक्रीट उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है।

**-पीएन श्रीवास्तव,** एसडीओ खारंग डिवीजन

---

**घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, क्षुब्ध होकर छात्रा ने उठाया कदम**

# मारपीट के बाद निजी स्कूल की छात्रा ने की थी आत्महत्या, शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बिल्हा ब्लॉक के कडरी स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक रमेश कुमार साहू को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है। जांच में पाया गया है कि शिक्षक ने अपनी पत्नी के निजी स्कूल में छात्रा से मारपीट की थी, इस घटना से नाराज छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी।



मृतिका।

नेवासा स्थित निजी सीता देवी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पूनम रजक के साथ स्कूल परिसर में ही मारपीट की गई। इस स्कूल की संचालिका सरकारी स्कूल के शिक्षक रमेश साहू की पत्नी हैं।

आरोप यह लगाया गया कि छात्रा के साथ हुई घटना के दौरान रमेश साहू मौजूद थे, लेकिन उन्होंने न तो किसी प्रकार का हस्तक्षेप किया और न ही घटना की सूचना विभाग को दी। इस घटना का वीडियो और संबंधित शिकायतें लगातार स्थानीय स्तर पर उठ रही थीं, जिसके कारण विभाग का ध्यान इस पर विशेष रूप से गया। जांच में शिकायतें सही पाई गईं, साथ ही यह तथ्य भी उजागर हुआ कि रमेश साहू कडरी स्थित सरकारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं, लेकिन वे वर्षों से अपने सरकारी विद्यालय में उपस्थित नहीं होते। इसके विपरीत वे नेवासा स्थित अपनी पत्नी के निजी स्कूल में ही अधिकांश समय व्यतीत करते थे।

### सरकारी भवनों पर भी अवैध कब्जा

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि रमेश साहू ने अपने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के संचालन के लिए ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों और खादी ग्रामोद्योग के परित्यक्त परिसरों पर अवैध कब्जा कर रखा था, जहाँ से वे लंबे समय से विद्यालय गतिविधियाँ संचालित करते आ रहे थे। इस संबंध में विभाग को पूर्व में भी कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने लगातार शिकायतें की थीं जो प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची। बच्ची पर हुए हमले, लगातार अनुपस्थिति, सरकारी भवनों के अवैध उपयोग और विद्यालय नियमों के स्पष्ट उल्लंघन जैसे गंभीर बिंदुओं को देखते हुए विभाग ने निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

---

# गोदाम से तेल चुराते कर्मचारी की तस्वीर कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराने की दुकान व गोदाम से चोरी करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।सीसीटीवी में घटना कैद होने के बाद दुकान मालिक ने थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिचरी बाजार का मामला सामने आया है। पुराना हाईकोर्ट रोड आदर्श कालोनी निवासी गोपीचंद गंगवानी शनिचरी बाजार स्थित गुरूकृपा ट्रेडर्स किराने का मालिक है। दुकान में काम करने के लिए गोपीचंद ने विजय शर्मा को रखा है। घटना 20 नवंबर की है जब दुकान मालिक ने विजय शर्मा को दोपहर 2 बजे गोदाम में तेल का टीन खाली करने के लिए भेजा, टीन खाली कर विजय वापस दुकान आया और खाना खाने जा रहा हूं कह कर चला गया। वापस दुकान नहीं आया। इस दौरान शाम 6 बजे विजय गोदाम पहुंचा और 2 टीन का टीपा को चोरी कर ले जाने लगा। उसकी चोरी पकड़ी गई और दुकान मालिक ने उससे पुछताछ की। इस दौरान दुकानदार ने दोपहर से शाम तक की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांची, जिसमें दोपहर को भी विजय द्वारा टीन का टीपा ले जाते देखा गया।

दुकानमालिक ने कर्मचारी की चोरी पकड़ने के बाद सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

# हत्या के प्रयास में पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

## नौकरी से निकाले जाने पर था नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौकरी से निकालने को लेकर नाराज गार्ड ने अपने साथी को ही चाकू मार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया, बिल्हा पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया गया है।



आरोपी।

घटना बिल्हा थाना क्षेत्र के दगोरी की है। नोवा कंपनी में कार्यरत गार्ड मुकेश कुमार साहू व सूरज सिंह खुसरो दोनों गार्ड हैं। कंपनी में हाल ही में आरोपी मुकेश कुमार को गार्ड की नौकरी से निकाल दिया है, जिससे वह नाराज था। गुरूवार को सूरज सिंह कहीं से आ रहा था, मुकेश कुमार ने उसे देखकर रोका और शराब पीने की बात कही। इस दौरान मुकेश नौकरी से निकाले जाने पर गुस्से में था, दोनों भवानी चौक, दगौरी से आगे इण्डेन गैस एजेंसी के बीच खेत में जाकर शराब पीने लगे। मुकेश ने मोबाइल खराब होने की बात कहते हुए सूरज से उसका मोबाइल मांगा। इसके बाद सूरज द्वारा अपना मोबाइल वापस मांगने पर मुकेश ने मोबाइल देने से मना कर दिया और सूरज के साथ गाली गलौज करने लगा। आपस में विवाद बढ़ते ही मुकेश ने जेब में रखे सब्जी काटने का चाकू निकला और हत्या की नियत से सूरज सिंह खुसरो के पेट में मार दिया।

इस दौरान लहू लुहान सूरज अपनी जान बचाने के लिए भागा और दगौरी पहुंचकर दुकानदार घनश्याम को घटना की जानकारी दी। इस दौरान घनश्याम ने 112 वाहन बुलवाकर उसे शाासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया है।

---

# शराबखोरी करने वाले पुलिसकर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका पुलिस चौकी में बैठकर वर्दीधारी पुलिस कर्मियों द्वारा शराब का पैग बनाते और खाना खाते वीडियो वायरल होने के बाद आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। दोनों आरक्षकों को एसएसपी रजनेश सिंह ने लाइन अटैच कर दिया है।



खास बात यह है कि इसका विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कर्मचारी वीडियो बनाने वाले के साथ गाली गलौज करते दिख रहे हैं। कानून के रखवालों के द्वारा पुलिस चौकी को मयखाने बनाने का मामला सामने आया है। मोपका चौकी के दो आरक्षक संतोष राठौर और धनेष साहू द्वारा शराब का पैग बनाते विडियो वायरल हो चुका है। चौकी पहुंचे युवक ने यह नजारा अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, विडियो बनता देख देख आरक्षकों ने न सिर्फ उससे हुज्जतबाजी की, बल्कि उसे मारने की भी धमकी दी। वीडियो सोशल मीडिया के जरिए वायरल हो गया। आला अधिकारियों की इसकी भनक लगते ही कार्रवाई तेज की गई और शुक्रवार की शाम तक दोनों आरक्षकों को पुलिस की छवि धूमिल करने और सेवा शर्तों में उल्लघंन करते हुए लापरवाही बरतने को लेकर एसएसपी ने तत्काल लाइन अटैच कर दिया है।

### नगर में हुआ सोलर पैनल इंस्टॉलेशन

**अकलतरा।** नगर के विद्युत उपभोक्ता बसंत कुमार सिंह और अमित तिवारी ने अपने निवास में प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल का इंस्टॉलेशन कराया है। दो उपभोक्ता फिर से विद्युत उत्पादक बन गए। अकलतरा नगर में पीएम सूर्य घर योजना के प्रति नागरिकों में उत्सुकता बढ़ रही है। लगातार सोलर पैनल इंस्टॉलेशन हो रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारी बी एल जांगड़े ने बताया कि शारदा कंस्ट्रक्शन सहित अन्य वेंडर लगातार आवेदन करा कर सोलर पैनल इंस्टॉल करा रहे है। उक्त उपभोक्ताओं के सिंक्रोनाइज बी एल जांगड़े ,रवि कश्यप ,मनीष तांद्रे,वेंडर ऐश्वर्य सिंह के सहयोग से हुआ।

---

# नेहरू चौक पर 7 करोड़ में बनेगा तीन मंजिला तहसील भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसील का नया भवन अपने वर्तमान स्थान पर ही बनाया जाएगा। सात करोड़ की लागत से तीन मंजिला भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जिला प्रशासन मद में राशि प्राप्त होते ही लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

■ शासन को भेजा जा गया प्रस्ताव

नेहरू चौक स्थित बिलासपुर तहसील की नई बिल्डिंग के निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। भवन के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भवन में बेसमेंट बनाया जाएगा। इसके ऊपर ग्राऊंड फ्लोर के बाद दो मंजिल और बनाई जाएगी। भवन की अनुमानित लागत सात करोड़ रूपए आंकी गई है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए राशि जिला प्रशासन मद में प्राप्त होगी। जिला प्रशासन को राशि प्राप्त होने के बाद निर्माण के लिए यह राशि लोक निर्माण को ट्रांसफर की जाएगी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। तहसील के नए भवन का निर्माण एक साल पूर्व ही प्रारंभ हो चुका होता। इसके लिए कोनी में जगह भी फाईनल की जा चुकी थी। शहर से कुछ दूरी पर स्थित होने के कारण अधिवक्ताओं द्वारा उस स्थान का विरोध करते हुए पुराने स्थान या शहर के ही किसी स्थान पर निर्माण की मांग की जाती रही। लगातार विरोध के फलस्वरूप इसके निर्माण को लेकर चर्चा तक बंद हो चुकी थी। तहसील भवन के लिए उचित स्थान का निर्धारण कर सूचित करने को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा बीते एक साल से एसडीएम बिलासपुर को पत्र लिखा जाता रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

नेहरू चौक स्थित पुरानी जगह पर ही नया तहसील भवन बनाया जाना है। तीन मंजिला भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। राशि प्राप्त होते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

**-आदित्य ग्रोवर,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

# जब तक धरती, सूर्य, चंद्रमा रहेंगे, तब तक होती रहेगी भगवान कथा : मधुसूदनाचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

जब तक यह धरती, सूर्य, चंद्रमा रहेंगे, तब तक भगवान की कथा रहेगी। कथा कहने और सुनने वाले बदलते रहेंगे लेकिन कथा अनवरत थी अनवरत रहेगी।

यह बातें श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यास पीठ की आसंदी से अनंत श्रीविभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान रामभद्र जी माता शबरी की जन्मभूमि शिवरीनारायण भी आए और उनकी कर्मभूमि पंपासर पहुंचकर दर्शन भी दिए । यही उनकी उदारता है। उन्होंने श्रोताओं को आगाह करते हुए कहा कि लोग सोचते हैं कि बुढ़ापा में भजन करेंगे। बचपन चला जाता है, जवानी चली जाती है। बुढ़ापे में आंख से दिखाई नहीं देता, कान से सुनाई नहीं देता फिर भजन कैसे होगा ? इसलिए अभी से सतर्क हो जाओ नहीं तो पछताना पड़ेगा।

श्री रामचरितमानस की यह चौपाई याद रखना - होइ न विषय विराग। भवन बसत भा चौथ पन।। हृदय बहुत दुख लाग। जनम गयउ हरि भगति बिनु।। आप कितने भी बड़े पद पर पहुंच जाओ! हरि के भजन बिना आपके जीवन की जलन कभी भी समाप्त नहीं होगी! प्रत्येक दिवस की तरह महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज मंच पर विराजित थे।

### प्रत्येक श्रद्धालु भगवान को अर्पित कर रहे तुलसी फूल व पूजन सामग्री

श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में विहंगम दृश्य देखने को मिल रहा है, प्रत्येक श्रद्धालुओं के हाथ में तुलसी मंजरी, फूल, नारियल और पूजा सामग्री दिखाई दे रहा है। लोग भगवान को अर्पित कर अपना जीवन धन्य बना रहे हैं। इस दृश्य को देखकर आचार्य ने कहा चारों तरफ श्यामा- श्यामा तुलसी मंजरी देखकर प्रतीत होता है कि यह शबरी की भूमि है। माता शबरी भी रघुनाथ जी की प्रतीक्षा में प्रत्येक दिन यही कार्य करती थी। नगर के युवा सेवा कार्य में लगे हुए हैं। शिवरीनारायण अध्यात्मिक नगर है यहां के प्रत्येक युवा भगवान की सेवा में समर्पित हैं। दोपहर हजारों की तादाद में उपस्थित श्रद्धालुओं को वे अपने हाथों से भोजन परोस कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। वे सभी सुलझे हुए हैं, वर्षों से यह सेवा कार्य करते आ रहे हैं। छात्र-छात्राएं भी हो रही शामिल-नगर में संचालित अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए उपस्थित हो रहे हैं, शिक्षक उन्हें संस्कारित करने में लगे हुए हैं और अपने नगर के गौरव से उन्हें अवगत करा रहे हैं।

---

**राज्य शासन से हर महीने मिलता है 1 हजार रुपए**

# ईकेवायसी नहीं, साढे 14 हजार से अधिक महिलाएं होंगी महतारी वंदन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में ईकेवायसी का चक्कर पड़ गया है। दरअसल जिले में साढ़े 14 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते का ईकेवायसी नही हुआ है। ऐसे में इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओ को प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि शासन के द्वारा प्रदान की जाती है। ताकि यह राशि महिलाओ के काम आ सके। वही सालाना 12 हजार की राशि शासन के द्वारा प्रदान की जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार 700 सौ से भी अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो में राशि हर महीने भेजी जा रही है। वही कई महिलाए अपने बैंक खातो के ईकेवायसी कराने को लेकर गंभीर तक नही है। स्थिती यह है कि 2 लाख 69 हजार महिलाओ ने अपने बैंक खातो का ईकेवायसी तो करा लिया है लेकिन अभी भी 14 हजार 700 सौ से अधिक महिलाओ ने ईकेवायसी तक नही कराया है। जिसके कारण महिलाए महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित रह सकते है। ऐसे में इन महिलाओ की परेशानी बढ सकती है। महतारी वंदन योजना के तहत गरीब एवं पात्र महिलाओ को शासन के द्वारा उनके बैंक खातो में राशि जमा की जाती है। महतारी वंदन योजना के तहत बलौदा, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह एवं नवागढ क्षेत्र के महिलाओ को राशि प्रदान की जाति है। ईकेवायसी कराने के लिए महिलाओ का आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट साइज की फोटो बैंक में जाकर देना पडता है। इसके बाद बैंक के कर्मचारी पूरी जानकारी कम्प्यूटर में अपलोड करते है। इसके बाद ईकेवायसी की प्रक्रिया पूरी हो पाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार 700 सौ से भी अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो मे में राशि हर महीने भेजी जा रही है। वही कई महिलाए अपने बैंक खातो के ईकेवायसी कराने को लेकर गंभीर तक नही है। महतारी वंदन योजना में ईकेवायसी कराना अनिवार्य हो गया है। जिले में साढ़े 14 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते का ईकेवायसी नही हुआ है। ऐसे में इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। महतारी वंदन योजना के तहत बडे पैमाने पर निर्धारित पात्रता रखने वाले महिलाओं को प्रति महीने 1 हजार एवं सालाना 12 हजार रुपए की राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके।

### ई केवायसी कराना जरूरी

महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओ को योजना का लाभ दिया जा रहा है। 14 हजार से अधिक महिलाओ ने ईकेवायसी नही कराया है।इस बारे में आदेशित किया गया है। ईकेवायसी नही कराने पर योजना के लाभ से बाहर हो सकते है।

**-श्रीमति अनिता अग्रवाल,** महिला एवं बाल विकास अधिकारी

### 4 हजार 7 सौ खाता किया होल्ड

महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार से अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो में शासन के द्वारा राशि प्रदान की जाती है। जांच के दौरान टीम को जानकारी मिली की योजना का लाभ लेने वाली कई महिलाओ की मृत्यु, कई महिलाए अपात्र पाई गई। ऐसे करीब 4 हजार 737 महिलाओ के बैंक खाते होल्ड किए गए है। जिसके कारण इन महिलाओ को महतारी वंदन योजना का लाभ पाने के लिए महरूम होना पड सकता है। कई महिलाए तो दिगर प्रांतो में जाकर काम कर रही है। वही अपने बैंक खातो का ना ही अपडेट एवं ईकेवायसी कराए है। ऐसे में महिलाओ को योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। जांजगीर चाम्पा जिले में बडे पैमाने पर महिलाओ के द्वारा रोजी रोटी की तलाश में हर साल जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, आगरा, राजस्थान, हैदराबाद सहित अन्य राज्यो की ओर बडे पैमाने पर पलायन कर जाते है। जिसके कारण भी कई महिलाओ को महतारी वंदन योजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

### शिक्षिका नीलीमा दुबे बनीं पोस्ट ऑफ द मंथ

**किरारी-अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी की नवाचारी शिक्षिका नीलीमा दुबे को विनोबा एप पर अपनी रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के उत्कृष्ट संचालन के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ के सम्मान से सम्मानित किया गया है। शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विनोबा एप पर लगातार प्रभावी गतिविधियां साझा करने तथा सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अन्य शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी, बीआरसी शैलेन्द्र बैस, एबीइओ रत्नमाला सिंह तथा स्वाति राठौर ने नीलीमा दुबे को प्रदान किय। नीलीमा दुबे के नवाचारी प्रयासों से विद्यालय में शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया अधिक रोचक और प्रभावी बन रही है।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 4 और आंगनबाड़ी सहायिका के 10 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कटघोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार कटघोरा परियोजना अंतर्गत ग्राम धंवईपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा कमांक 1, ग्राम खोडरी के आंगनबाड़ी केन्द्र खोडरी क्रमांक 2, ग्राम ढपढप के आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्रमांक 1 और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीपका क्रमांक 5 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे कार्यालय बाल विकास परियोजना में सीधे अथवा पंजीकृत/साधारण डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है।

### धान खरीदी हेतु समितियों में प्रभारी अधिकारी नामांकित का संशोधित आदेश जारी

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभागों के अधिकारियों को समिति स्तर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किये जाने के जारी पूर्व आदेश को संशोधित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अखरापाली हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेष कुमार लहरे, कटघोरा- खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार लांझी, छुरीकला- सहकारिता निरीक्षक सुस्मिता लकड़ा, जवाली- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मीनाक्षी ठाकुर, दूरपा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धनेष्वर प्रसाद लहरे और समिति भिलाईबाजार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामलाल रविन्द्र को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।

### शादी समारोह में यूपी गया था परिवार लाखों का माल पार कर दिया चोरों ने

**कोरबा।** एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए यूपी गये हुए थे। इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी रामअवध प्रसाद पिता गौरी शंकर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका भाई छबीनाथ प्रसाद जो कि रूदनगर खरमोरा में रहता है। जो विगत दिनों अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश गये हुआ था। इस दौरान उसके घर में ताला लगा हुआ था और अज्ञात चोरों ने छबीनाथ के घर का ताला तोड़कर घर में रखे गले का सोने का लॉकेट, कान का सोने का झुमका, पैर का चांदी का पायल सहित लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना स्थल पहुंचे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

### आरक्षक ने महिला का किया दैहिक शोषण, मामला दर्ज

**कोरबा।** जिला पुलिस बल में पदस्थ आरक्षक पर महिला ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यातायात में पदस्थ आरक्षक पवन चंद्रा पर महिला ने बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि महिला पूर्व में अपने पति से तलाक ले चुकी थी और इस बीच वह पवन के संपर्क में आयी थी और पवन महिला को घुमाने के बहाने बाहर ले जाता था और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया था। पवन पूर्व से शादीशुदा है, बताया जाता है कि महिला नेपिछले दिनों पवन पर शादी का दबाव बनायी थी जब पवन शादी से मुकर गया तो महिला ने इस मामले की लिखित शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की। पुलिस ने मामले में आरक्षक पवन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। जिसमें कुल 9 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा।

## मंडी कर्मियों के हड़ताल समाप्त होते ही शुरु हुआ खरीदी का काम

# धान खरीदी के साथ अवैध भंडारण और परिवहन पर प्रशासन की सख्ती



धान जब्ती की कार्यवाही करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बड़ी मशक्कत के बाद धान मंडी कर्मियों की हड़ताल स्थगित होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली थी और इसी के साथ एक तरफ खरीदी कार्य की शुरुआत हुई वहीं दूसरी तरफ धान का अवैध भंडारण और परिवहन के मामले को लेकर भी प्रशासन ने कार्यवाही शुरु करते हुए पाली ब्लॉक के ग्राम निरधी में भंडारित किया हुआ 20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है। इसी तरह धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए भी राजस्व अमले की टीम गठित कर दी गई है।

**खास बात**

- पाली विकासखंड में 20 क्विंटल भंडारित किया गया धान जप्त

कलेक्टर अजीत वसंत ने धान खरीदी को लेकर इस बार शुरुआत से ही कड़ाई बरतना शुरु कर दिया है। धान के अवैध भंडारण से लेकर ग्रामीण अंचलों में धान के बिना दस्तावेज के परिवहन किए जाने के मामले को लेकर भी संज्ञान लेना शुरु कर दिया गया है इसके लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को मैदानी क्षेत्र में दौरा कर कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। इसी आदेश के तहत विकासखंड पाली के ग्राम निरधी में एक बड़ी कार्यवाही तहसीलदार सुजीत कुमार पाटले के नेतृत्व में की गई। विभागीय अधिकारियों को इस बात की सूचना मिली थी कि धान का अवैध भंडारण शुरु हो चुका है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पाली ब्लाक के ग्राम निरधी में तहसीलदार श्री पाटले, आरआई अंजली पैकरा धान भंडारण वाले स्थल में पहुंचे जहां 20 क्विंटल धान भंडारण किया हुआ पाया गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा भंडारित किए गए धान का पंचनामा बनाकर जप्ती की कार्यवाही की गई है और कोटवार के सुपुर्दनामा करते हुए ग्राम पंचायत भवन में सुरक्षित रखवाया गया है।

### सिरमिना और रोदे में कुल 36 क्विंटल अवैध धान जब्त, हुई कार्यवाही



छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के आवक पर रोक लगाने कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्य किया का रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों का निरीक्षण कर विक्रय हेतु आने वाले धान की मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही गोदाम, दुकानों का जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान पर भी जब्ती कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम सिरमिना में नायब तहसीलदार सुमन मानिकपुरी, सहायक खाद्य अधिकारी सरोज उरेती, मंडी सब-इंस्पेक्टर आकाश भारद्वाज एवं दिनेश कुमार के संयुक्त टीम द्वारा संतोष जायसवाल के घर से अवैध भंडारित 20 क्विंटल (50 बोरी) धान जब्त किया गया है। साथ ही आगे की कार्यवाही की जा रही है। जिससे इस धान का समिति में पंजीकृत किसान के खाते से विक्रय ना हो पाए एवं पंजीकृत किसान अपने वास्तविक उपज को केंद्र में विक्रय कर सके। इस दौरान टीम द्वारा विकासखण्ड के दूरस्थ धान खरीदी केंद्र कोरबी का निरीक्षण कर खरीदी कार्य की जानकारी ली। टीम द्वारा समिति में पंजीकृत किसानो के ही धान क्रय करने के निर्देश दिए। इसी तरह तहसील पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम रोदे में स्थित विकास जायसवाल के दुकान सह गोदाम में 42 बोरी (16.80 क्विंटल) अवैध रूप से संग्रहित धान पाया गया। नियम विरुद्ध रखे गए इस धान पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत तत्काल कार्यवाही की गई। जांच उपरांत बरामद धान को विधिवत कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति विकास जायसवाल की सुपुर्दगी में दिया गया।

### शुरु हुई मंडियों में धान की आवक

मंडियों में धान की आवक इस बार खरीदी शुरु होने के समय से होने लगी है। शुरुआत के 7 दिनों में ही लगभग 4 सौ क्विंटल धान की खरीदी जिस तेजी से हुई उससे यह तय माना जा रहा है कि इस बार भी खरीदी ज्यादा होगी किंतु जिस तरह से एग्रोटेक पोर्टल के पंजीयन को देखते हुए किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है उसके मद्देनजर बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष कहीं कम खरीदी ना हो। हालांकि रकबों में सुधार के लिए समय बढ़ा दिया गया है।

### सीमावर्ती क्षेत्र में लगे बेरियर

अन्य जिलों से धान के कोरबा जिले में प्रवेश करने के मामले को रोकने के लिए पड़ोसी जिलों के लगी हुई सीमा में बेरियर लगाने का काम शुरु हो गया है। सक्ती, रायगढ़, धरमजयगढ़ के साथ चांपा जांजगीर, गौरेला पेंड्रा मरवाही और सूरतपुर जिले से जिले की सीमा लगी हुई है। इन क्षेत्रों के मुख्य मार्गों से धान लेकर जिले की सीमा में प्रवेश करने के मामले बीते वर्ष धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान पकड़ में आए थे। उन्हीं मामलों को देखते हुए इस बार बेरियर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रामीण के घर वन विभाग का छापा बड़े पैमाने पर इमारती लकड़ी जब्त



अवैध लकड़ी जब्त करते वन कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ग्रामीण द्वारा जंगल से साल और बीजा की इमारती लकड़ियों की कटाई कर उसे पल्ला और चौखट बनाकर रखा हुआ था। उसे खपाने की योजना बना रहा था। इस बीच वन विभाग की टीम ने ग्रामीण के घर में छापा मारा तो उसके घर से बड़े पैमाने पर इमराती लकड़ियों की खेप जप्त की गई है।

**खास बातें**

- बालको रेंज के ग्राम माखुरपानी में दी गई थी दबिश
- बीजा का पल्ला बनाकर रखा था खपाने

मामले में ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

कोरबा वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र बालको के अंतर्गत आने वाले ग्राम माखुरपानी में अवैध रुप से लकड़ी चिरान रखने की सूचना वन विभाग के अफसरों को मिली। मुखबीर के सूचना के आधार पर कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार, बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार व उनकी टीम ने ग्राम माखुरपानी निवासी तीजराम मंझवार के घर दबिश दी। जहां उसके घर से वन विभाग के टीम ने बीजा प्रजाति के 70 नग पल्ला, साल प्रजाति के 8 नग चौखट, पाया 20 नग जिसमें 18 नग सलीहा एवं 2 नग बीजा प्रजाति एवं बीजा प्रजाति के 3 नग पट्टी अवैध रूप से पाया गया है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने तीज राम के खिलाफ पीओआर नं 11995/03 तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में कांती कुमार कंवर, एससीएफओ, रामसिंह उइके, सीएफओ संजय किशोर राठौर, बीएफओ, चेतन कुमार ध्रुव, बीएफओ, सुनील कुमार खड़िया, बीएफओ, शिवप्रसाद कंवर, बीएफओ, श्रीमती किरण तिग्गा, बीएफओ एवं श्रीमती अन्नु चन्द्रभॉस, बीएफओ शामिल रहे।

## बालको रेंज में सबसे ज्यादा रहती है भालूओं की धमक, संवर्धन के लिए नहीं बनी कोई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा वनमंडल में विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का रहवास क्षेत्र है। खासतौर पर भालूओं की संख्या कोरबा के जंगल में अच्छी खासी है। सबसे ज्यादा बालको रेंज में भालू की आमदरफ्त है। बालको का जंगल घना व भालूओं के लिए सबसे पसंदीदा इलाका माना जाता है। इसलिए इसकी संख्या इस क्षेत्र में अधिक है। शरद ऋतु आते ही भालू हर साल अपने परिवार के साथ बालको के रिहायशी क्षेत्रों में देखा जाता है लेकिन इन भालूओं के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में वन विभाग के द्वारा अब तक कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मंडल के बालको रेंज का पूरा इलाका साल के पेड़ व पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। इस इलाके में भालू को बेहतर रहवाश मिलता है इसलिए इस इलाके में भालूओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। हर साल दिसंबर और जनवरी के महीने में भालू बालको रेंज के अंतर्गत आने वाले बालको सेक्टर 4 में अक्सर बेर, अमरुद खाने के लिए चहलकदमी करते देखे जाते हैं। जिसका वीडियो कई बार सोशल मीडिया में वायरल हुआ है लेकिन बालको रेंज में भालूओं के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में विभाग के द्वारा को कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। यदि इनके संवर्धन के दिशा पर विभाग पहल करता तो निश्चित तौर पर इनका कुनबा और बढ़ जाता। अक्सर कोरबा सेक्टर चार से काफी पाईंट जाने वाले रास्ते में लोगों का अक्सर भालूओं से आमना सामना होता है जो रोड क्रॉस करते ही लोगों को नजर आते हैं। वन विभाग के अफसरों को इस क्षेत्र को भालूओं के लिए संरक्षित कर उनके रहवास की दिशा पर और बेहतर प्रयास किया जाना चाहिए।

### अलग से नहीं बनी है कार्ययोजना

बालको रेंज में भालूओं की अच्छी खासी संख्या है। शरद ऋतु में अक्सर भालूओं का झुंड बालको कॉलोनी में रात के समय बेर व अमरुद खाने के लिए पहुंचते हैं। भालूओं के लिए संरक्षण व संवर्धन के लिए अब तक कोई अलग से कार्ययोजना नहीं बनाई गई है।

\- **जयंत सरकार,** वन परिक्षेत्र अधिकारी बालको

## ट्रक में भरी जा रही थी हवा, टायर फटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पूछताछ करती पुलिस।

पड़ोसी राज्य से एक ट्रक चालक अपना ट्रक लेकर कोयला लोड करने के लिए दीपका आया हुआ था। जहां एक हवा दुकान के पास अपनी ट्रक रोककर ट्रक के टायर में हवा डलवा रहा था, इसी दौरान अत्याधिक हवा की वजह से ट्रक का टायर फट गया और उसकी जद में आने से ट्रक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन फानन में वहां मौजूद लोगों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मेडिकल हॉस्पिटल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दी है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश अनुपपुर के ग्राम बरहाडोला निवासी राजेंद्र निवासी उम्र 50 वर्ष पिता ददन यादव अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएम 1834 का मालिक व चालक था। गुरुवार को वह कोयला लोड लेने के लिए गेवरा पहुंचा हुआ था जहां गेवरा हेलीपेड के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर हवा दुकान में अपने ट्रकों के टायरों में हवा डलवा रहा था कि इसी दौरान अत्याधिक हवा भरे जाने की वजह से अचानक ट्रक का टायर फट गया और पास में खड़े राजेंद्र यादव उसकी चपेट में आ गया है। हादसे के होते ही मौके पर मौजूद अन्य लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई थी जहां शुक्रवार की सुबह उसके परिजनों के आने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस की टीम ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

## अलग अलग हादसों में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। जहां सर्पदंश से एक महिला की मौत हुई तो वहीं सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

पहली घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी की है यहां निवासरत सियाबाई 54 वर्ष पति सियाराम अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ धान की कटाई करने के लिए खेत गई हुई थी। जहां सियाबाई को किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों के द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीडुग्गू की है। यहां निवासरत नारायण खरे पिता हरीराम खरे पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था जहां से वह मोटर सायकल में सवार होकर वापस लौट रहा था कि कोरबा बलौदा मार्ग में किसी अज्ञात वाहन ने नारायण को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसके बाद उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान नारायण की मौत हो गई है।

दोनों ही मामलों में पुलिस ने शव को पंचनामा व पीएम कार्यवाही के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मौत की तीसरी घटना दीपका थाना क्षेत्र में हुई है। बताया जाता है कि चौकी सीएसईबी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया निवासी सोमेश यादव पिता बैशाखुराम यादव निजी कंपनी में काम करता था जो गुरुवार की रात कंपनी से काम खत्म कर मोटर सायकल में सवार होकर वापस अपने घर आ रहा था कि गोबरघोरा के समीप पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जिससे सोमेश की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### मालगाड़ी के सामने कूदकर एसईसीएल कर्मी ने किया आत्महत्या

**कोरबा।** एक एसईसीएल कर्मी ने अज्ञात कारणों के चलते मालगाड़ी के सामने कूदकर मौत को गले लगा लिया है। कर्मी ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर निवासी जितेंद्र तिवारी एसईसीएल में ड्रील ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था जिसने शुक्रवार को शक्तिनगर रेलवे कॉलोनी मोड़ के पास चलती मालगाड़ी के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

## जी-9 प्राजेक्ट में राजस्व व पर्यावरणीय नियमों का खुला उल्लंघनः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल।

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर बालको के जी 9 प्राजेक्ट में राजस्व व पर्यावरणीय नियमों सहित वन भूमि संरक्षण अधिनियम, नगर नियोजन अधिनियम, लोक मार्ग अवरोधन संबंधित मामले की जांच कर कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि बालको द्वारा पाड़ीमार इंदिरा मार्केट क्षेत्र में संचालित जी 9 मल्टीस्टोरी प्रोजेक्ट अवैध, अनाधिकृत तथा भ्रामक तथ्यों पर आधारित और विभिन्न वैधानिक प्राधिकारियों को भ्रमित कर प्राप्त करना प्रतीत होता है। इस प्रोजेक्ट के लिए जंगल-मद भूमि पर अवैध निर्माण वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। खसरा नंबर 191/1 राजस्व अभिलेखों में जंगल-मद (छोटे झाड़ का जंगल) के रूप में दर्ज है। ऐसी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण राज्य शासन की विशेष स्वीकृति और पर्यावरण मंत्रालय केन्द्र सरकार की अनुमति के बिना दंडनीय अपराध है। बालको ने जानबूझकर भूमि की वास्तविक प्रकृति छिपाकर सामान्य भूमि दिखाते हुए संबंधित विभागों को भ्रामक व असत्य विवरण प्रस्तुत किया है। प्रोजेक्ट के लिए 440 वृक्षों की वास्तविक संख्या छिपाकर पेड़ कटाई के लिए अनुमति प्राप्त करने का प्रयास पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 का उल्लंघन है।

### पुलिस लाइन में निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन कल

जांजगीर-चांपा। पुलिस लाइन जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 नवंबर को होगा। इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर सुबह 9 बजें से 2 बजें तक आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप, डॉक्टर प्रियंका देशमुख, डॉ प्रफुल्ल चौहान, डॉ वसुंधरा कश्यप, डॉ अतीक सिद्धिकी, डॉ गुफलासा सिद्धिकी, डॉ पारुल राठौर,डॉ पुष्पेंद्र पटेल, डॉक्टर निकिता सिंह और डॉक्टर ऋतुराज सिंह अपनी सेवाएं देंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

